प्रेस नोटः दिनांक -12.11.2024
थाना सुभाषनगर जनपद बरेली ।

थाना सुभाषनगर बरेली पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तों को अलग-अलग 4 घरों में चोरी की घटना से सम्बन्धित पीली धातु व सफेद धातु के जेबर , घड़ी , सिक्के तथा 1020 रु0 नगद सहित किया गया गिरफ्तार।

श्री आकाश साहू पुत्र स्व दुर्वेर साहू नि0 बालाजी मन्दिर के पीछे ग्रीन वैली करगैना सुभाषनगर बरेली द्वारा तहरीरी सूचना, दिनांक 29.10.2024 को अज्ञात अभियुक्तों द्वारा उनके घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर व नगदी चोरी करने लेने के सम्बन्ध में थाना सुभाषनगर पर मु0अ0सं0 647/24 धारा 305a/331(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया तथा अन्य घरों में अलग अलग दिनांक को चोरी के सम्बन्ध में 2. मु0अ0सं0 625/24 धारा 305A/331(2) बीएनएस 3. मु0अ0सं0 656/24 धारा 305A/331(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 279/24 धारा 457/380/411 भादवि पंजीकृत होकर विवेचना प्रचलित है।

प्रभारी निरीक्षक थाना सुभाषनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर उक्त अभियोगों से संबंधित/वांछित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि संजीव उर्फ टुईया पुत्र ओमीप्रकाश नि0 करगैना, बरेली मालगोदाम रोड पर पट्टी की और जाने वाले रास्ते पर दो लोगो को चोरी का माल जेवर बेचने की फिराक में खडा है। उक्त सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सुभाषनगर मय फोर्स के मालगोदाम के पास खाली पडे खडंहर के पास पहुचें तो मो0 साइकिल व टार्चो की रोशनी में देखा तो तीन व्यक्ति दिखाई दिये, जिनको दबिश देकर भागने का मौका न देते हुए पकड़ लिया। जिनसे नाम पता पूछते हुए तलाशी ली गयी तो पहले ने अपना नाम संजीव उर्फ टुईया पुत्र ओमीप्रकाश नि0 करगैना उम्र करीब 19 वर्ष थाना सुभाषनगर बरेली बताया जिसके कब्जे से 1020 रुपये व एक पायल सफेद धातु ,2 चूडी पीली धातु , एक घडी सोनाटा कम्पनी की सफेद धातु एक गणेश मूर्ती सफेद धातु ,दो पूजा टोली की डिब्बी सफेद धातु बरामद तथा दूसरे व्यक्ति का नाम पता पूछा तो ललित पुत्र जशवीर कश्यप उम्र करीब 22 वर्ष नि0 करगैना थाना सु0नगर बरेली बताया जिसकी तलाशी से 2 पायल सफेद धातु ,1 पैन्डिल पीली धातु ,2 सिक्के (1 पीली धातु / 1 सफेद धातु) बरामद हुआ तथा तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम दिनेश पुत्र गया प्रसाद कश्यप उम्र करीब 37 वर्ष नि0 करगैना थाना सुभाषनगर बरेली बताया, जिससे 2 पायल सफेद धातु एक जोड़ी कुंडल पीली धातु एक सिक्का सफेद धातु बरामद हुआ।

बरामद माल व नगदी आदि के सम्बन्ध में पूछताछ से पता चला कि तीनों अभियुक्तों द्वारा दिनांक 29.10.2024 को ग्रीन वैली में घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर व नगदी चोरी करने जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 647/24 धारा 305a/331(2)/317(2) बीएनएस व अन्य अभियोग 2. मु0अ0सं0 625/24 धारा 305A/331(2) बीएनएस 3. मु0अ0सं0 656/24 धारा 305A/331(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 279/24 धारा 457/380/411 भादवि की घटना अपने सह अभियुक्तों के साथ कारित करना स्वीकार किया। अभियुक्तों से बरामदगी के आधार पर उपरोक्त सम्बन्धित अभियोगों में धारा 317(2) तथा 411 आईपीसी की बढोत्तरी की गयी । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त नाम पता/अपराधिक इतिहास –

1. संजीव उर्फ टुईया पुत्र ओमीप्रकाश नि0 करगैना थाना सुभाषनगर बरेली ।

1. मु0अ0सं0-647/2024 धारा-305ए/331(2)/317(2) बीएनएस थाना सुभाषनगर बरेली
2. मु0अ0सं0-625/2024 धारा-305ए/331(2) बीएनएस थाना सुभाषनगर बरेली
3. मु0अ0सं0-656/2024 धारा-305ए/331 (2) बीएनएस थाना सुभाषनगर बरेली
4. मु0अ0सं0-279/2024 धारा-457/380/411 भादवि थाना सुभाषनगर बरेली

2. ललित पुत्र जशवीर कश्यप निवासी करगैना थाना सुभाषनगर बरेली ।

1. मु0अ0सं0-625/2024 धारा-305ए/331(2) बीएनएस थाना सुभाषनगर बरेली
2. मु0अ0सं0-656/2024 धारा-305ए/331(2) बीएनएस थाना सुभाषनगर बरेली

3. दिनेश पुत्र गया प्रसाद कश्यप निवासी करगैना थाना सुभाषनगर बरेली।

1. मु0अ0सं0-625/2024 धारा-305ए/331(2) बीएनएस थाना सुभाषनगर बरेली
2. मु0अ0सं0-656/2024 धारा-305ए/331(2) बीएनएस थाना सुभाषनगर बरेली
3. मु0अ0सं0-377/2014 धारा-279/337/338 भादवि थाना कैण्ट बरेली

बरामदगी–

1020 रुपये नगद
2 चूडी पीली धातु
5 पायल सफेद धातु
1 गणेश मूर्ति सफेद धातु
2 पूजा की डिब्बी सफेद धातु
1 घडी सोनाटा सफेद धातु
3 सिक्के (जिनमे 2 सफेद धातु व पीली धातु)
1 पैंडिल पीली धातु व 2 कुण्डल पीली

पुलिस टीम-

1. धर्मेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सुभाषनगर बरेली
2. उ0नि0 श्री चन्द्रवीर थाना सुभाषनगर बरेली ।
3. उ0नि0प्र0 करन सिंह थाना सुभाषनगर बरेली ।
4. का0 527 पंकज त्यागी थाना सुभाषनगर बरेली
5. का0 2665 अंकुर शर्मा थाना सुभाषनगर बरेली
6. का0 1648 टीनू थाना सुभाषनगर बरेली